तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

नवरात्रि विशेष



द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

शारदीय नवरात्रि प्रारंभ, शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना और ज्योत प्रज्ज्वलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शक्ति की आराधना के महापर्व शारदेय नवरात्र रविवार को शुभारंभ हुआ। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू की। घरों से लेकर देवी मंदिरों तक और दुर्गा पंडालों में भक्ति और देवी आराधना के महापर्व की शुरुआत हुई। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना, अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन, दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती और व्रत के माध्यम से श्रद्धालु सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना होगी।

जिला मुख्यालय के महामाया मंदिर से लेकर पहाड़ों पर विराजित खल्लारी माता, बिरकोनी के चंडी मंदिर और बागबाहरा क्षेत्र के घुंचापाली चंडी मंदिर तक देवी उपासना की समृद्ध परंपरा रही है। नवरात्र के अवसर पर इन प्रमुख शक्तिस्थलों के साथ ही जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला रहेगा।

चंडी माता में भी उमड़ती है श्रद्धालुओं की आस्थाः मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर जिले के प्रमुख दैवीय स्थल माना जाता है। इसी प्रकार मुख्यालय से 40 किलोमीटर दक्षिण में बागबाहरा विकासखंड के घुंचापाली गांव में स्थित चंडी मंदिर भी जिले का प्रसिद्ध शक्तिस्थल है। यहां चंडी देवी की प्राकृतिक विशाल प्रतिमा विराजित है। महासमुंद जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थित अन्य देवी मंदिरों में भी शारदेय नवरात्र श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु अपनी परंपराओं के अनुसार घट स्थापना, ज्योत प्रज्वलन, देवी पाठ, जसगीत और आरती का आयोजन करते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना आवश्यक है।

खल्लारी माता से लेकर महामाया, चंडी बिरकोनी और घुंचापाली चंडी मंदिर तक गूंजेगा जयकारा

शुभ मुहूर्त में घट स्थापना, नौ दिनों तक होगी आराधना

नवरात्र के प्रथम दिन विधि-विधान से घट स्थापना कर देवी पूजा का संकल्प गया। पंचांग के अनुसार 11 अक्टूबर को सुबह 6.19 बजे से 10.12 बजे तक घट स्थापना का शुभ मुहूर्त निर्धारित था। इसके अतिरिक्त सुबह 11.44 बजे से दोपहर 12.31 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में भी घट स्थापना और ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। श्रद्धालु नौ दिनों तक उपवास रखकर प्रतिदिन देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करेंगे। नवरात्र के दौरान जसगीत, देवी भजनों, आरती और धार्मिक आयोजनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा।



महामाया मंदिर में देवी आराधना का विशेष महत्व

जिला मुख्यालय स्थित महामाया मंदिर में भी नवरात्र शुरु होते ही भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही मंदिर में भीड़ रही और लोग नवरात्र की शुरुआत माता दर्शन से की। श्रद्धालुओं ने श्रद्धानुसार माता को नारियल, चुनरी, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर खुशहाली की कामना की। वहीं नवरात्र के पहले दिन सुबह और शाम की आरती में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

पहाड़ वाली खल्लारी माता के दरबार में उमड़ती है आस्था

जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दक्षिण में खल्लारी गांव की पहाड़ी के शीर्ष पर स्थित मां खल्लारी का मंदिर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। पहाड़ी पर विराजित माता के दर्शन के लिए क्वांर और चैत्र नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

नशे का कारोबार: करीबन 23 लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया

तीन मामलों में 47 किलो गांजा बरामद 3 महिलाओं सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गांजा तस्करों की धरपकड़ करते हुए 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है वहीं इन तस्करों से कुल 47 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत तकरीबन 23 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। इन तस्करों के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते कोमाखान, खल्लारी व पटेवा थाना में आरोपियों के विरूद्ध एंटी नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोमाखान रेलवे स्टेशन में 03 पुरूष एवं दो महिला बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की जिस पर उन्होंने अपने नाम अमित भाई पिता गिधाभाई सोलंकी (25 साल) निवासी अक्षय पारा सोसायटी मोफतनगर थाना बडलागेट जिला भावनगर गुजरात, जितेश भाई पिता बाबू भाई सोलंकी (31 साल) निवासी बोलतलाव मोफतनगर थाना वडलागेट जिला भावनगर गुजरात, शोभाबेन पति नानू भाई मकवाना (50 साल) निवासी इंद्रानगर देवी पुजकवास मोफतनगर थाना वडलागेट जिला भावनगर गुजरात, महेंद्र सिंह पिता प्रवीण सिंह (60 साल) निवासी चावड़ी गेट भावनगर चौकी चावड़ीगेट जिला भावनगर गुजरात, कांता बाई पति स्व. गिधा भाई सोलंकी (55 साल) निवासी अक्षय पारा सोसायटी मोफतनगर थाना बडलागेट जिला भावनगर गुजरात होना बताए। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30.160 किग्रा गांजा (कीमत 15,08,000 रुपए) तीन नग मोबाईल (कीमत 35000 रुपए) और नगदी रकम 5190 रुपए रुपए बरामद कर कोमाखान थाने में धारा 20(बी)(II)(सी) 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।



खल्लारी पुलिस ने गांजा परिवहन कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा

खल्लारी पुलिस ने स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि 11अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सुजुकी एक्सेस स्कूटी में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर खरियार रोड की ओर से खल्लारी की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गवाहों की उपस्थिति में ग्राम आंवराडबरी के पास एनएच-353 रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध स्कूटी को रोककर तलाशी की कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान स्कूटी के सामने रखी सफेद प्लास्टिक बोरी से 13 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 6,50,000 रुपए बताई गई है। इसके अलावा स्कूटी और मोबाइल भी जब्त कि गए। गिरफ्तार आरोपियों तरुण कुमार पोड़, (35 साल) निवासी गोविंदपुर, थाना बांगोमुंडा, जिला बलांगीर, ओडिशा, प्रमोद हंस, (25 वर्ष) निवासी पंड्रीपानी, थाना सिंदेकला, जिला बलांगीर, ओडिशा के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



पटेवा पुलिस एक घर से बरामद किया गांजा

पटेवा पुलिस ने टिकरापारा झलप के एक घर से गांजा बरामद किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टिकरापारा झलप में परसराम यादव, हीराबाई यादव, बसंत यादव अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हैं। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो घर के अंदर 02 पुरूष एवं 01 महिला उपस्थित मिले। जिन्होंने अपने नाम परसराम यादव पिता डहरू राम यादव (66 साल) टिकरापारा झलप थाना पटेवा जिला महासमुंद, हीराबाई यादव पति परसराम यादव (62 साल) टिकरापारा झलप थाना पटेवा जिला महासमुंद एवं बसंत यादव पिता परसराम यादव (23 साल) टिकरापारा झलप थाना पटेवा जिला महासमुंद होना बताए। मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर संदेहियों ने उसे स्वयं के लिए राजकुमार देवांगन निवासी ग्राम साल्हेमाठा थाना तेंदूकोना से खरीद कर चिल्हर बिक्री करना बताए। घर की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर कुल 3.960 किलोग्राम कीमत 1,98,000, एक स्टील पेटी के अंदर 2,81,000 रुपए नगदी रकम, एक तराजू एवं एक पीतल का 20 ग्राम वाली बॉट बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (बी) (II) (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

स्टाफ को जल्दी छुट्टी दी और छात्रा को कार्यालय में बुलाकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी प्रभारी प्राचार्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद व्याख्याता व प्रभारी प्राचार्य जीवनलाल देवांगन को तुमगांव पुलिस ने अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को आधे दिन बाद स्कूल में छुट्टी हो गई थी। प्रभारी प्राचार्य ने अन्य कर्मचारियों को जल्दी छुट्टी देकर छात्रा को अपने कार्यालय में बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना के बाद छात्रा रोते हुए घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई। इसी बीच कार्यालय में ताला लगाने पहुंचे सफाई कर्मचारी ने भी छात्रा को रोते हुए देखा। आरोप है कि कुछ समय बाद प्रभारी प्राचार्य छात्रा के घर पहुंचे और मामला खत्म करने की बात कही। इससे नाराज छात्रा की मां ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। विवाद और आक्रोश बढ़ने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। बाद में डायल 112 को सूचना दी गई और आरोपी शिक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

शराब के नशे में होने का आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य नशे में धुत था। थाने में परीक्षण भी कराया गया जिसमें प्राचार्य द्वारा शराब के नशे में होने की जानकारी मिली है। शिकायतकर्ताओं ने शिक्षक के शराब के नशे में होने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि उनका अल्कोहल परीक्षण भी कराया गया है।

पहले भी मामला दर्ज होने का दावा

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि वर्ष 2015-16 में तुरेंगा स्कूल में पदस्थ रहने के दौरान शिक्षक के खिलाफ एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था। उस समय निलंबन और बाद में बहाली की बात भी सामने आई है। पुलिस वर्तमान मामले में छात्रा के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। तुमगांव टीआई विनोद कश्यप ने बताया है कि मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अवैध शराब बिक्री के दो मामलों में हुई कार्रवाई

महासमुंद। पुलिस ने बुंढेली और भंवरपुर चौकी अंतर्गत शराब जब्ती के दो मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। तेंदूकोना पुलिस ने बुंढेली चौकी अंतर्गत गिरना मार्ग से दो आरोपियों किशन ठाकुर पिता स्व सुखसाय ठाकुर (52 साल) पता बुंढेली व संतु साहू पिता स्व घासिया साहू (40 साल) निवासी बुंढेली को पकड़ा। संदेहियों से पूछताछ व पास रखे सामान की तलाशी लेने पर संयुक्त कब्जे से करीबन 25 लीटर महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को पैदल परिवहन करना पाया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एकट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं बसना थाना के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सलखंड बाजार के पास रोड किनारे में शराब की अवैध बिक्री कर रही एक महिला कुंती मिर्धा पति सतहत्तर मिर्धा (28 वर्ष) निवासी ग्राम सलखंड के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 1200 रुपए) को बरामद किया गया।

खबर संक्षेप

दुकान से नगदी समेत साढ़े 17 हजार की चोरी

महासमुंद। ग्राम नौगड़ी के एक दुकान से नगदी रकम समेत साढ़े 17 हजार की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कुंजबिहारी पटेल पिता द्रोण कुमार पटेल (27 साल) की ग्राम नौगड़ी में भैंसाखुरी रोड में कंप्यूटर व किराना दुकान है। 09 अक्टूबर के रात्रि में करीबन 07 बजे वह अपने दुकान के गल्ले में नगद रकम 12,500 रुपए, एक नग रियलमी कंपनी का मोबाइल कीमत 5000 रुपए को रख कर दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया। 10 अक्टूबर की सुबह दुकान खोलने पर देखा कि रोशन दान टूटा हुआ था। रोशन दान से घुस कर दुकान के गल्ले में रखे नकदी रकम 12,500 रुपए एवं मोबाइल कीमत 5000 रुपए कुल कीमत 17,500 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है

बिजली सुधार कर रहे कर्मचारियों से मारपीट

महासमुंद। बलौदा के शांति नगर में बिजली सुधार करने पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट किए जाने के मामले में बलौदा थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर थाना बलौदा में दिए गए आवेदन में कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि शांति नगर बलौदा में निम्न दाब लाइन की शिकायत मिलने पर 09 अक्टूबर की रात्रि लगभग 08.30 बजे ठेकाकर्मी विभीषण डडसेना, खीरसागर सिदार एवं अंबिकेश कैवर्त (संविदा कर्मी) टासफार्मर के पास सर्किट मरम्मत कार्य कर रहे थे, तभी अचानक सरोज सेठ, देवेश भोई एवं राजेश भोई के द्वारा आकर बार-बार हो रही लाइन कटौती का हवाला देकर तीनों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस दौरान विभीषण डडसेना व अंबिकेश कैवर्त के साथ मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

दुर्गा चंदा मांगने गई महिला के घर से नगदी रकम सहित 88 हजार की चोरी

महासमुंद। शहर के गुरुघासीदास वार्ड 21 के एक घर से नगदी रकम व आभूषण समेत 88 हजार रुपए की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड नं 21 गुरुघासीदास वार्ड निवासी शिवकुमारी चंद्राकर 08 अक्टूबर की शाम करीबन 07.30 बजे अपने मोहल्ले के लोगों के साथ दुर्गा चंदा मांगने के लिए गई। घर में उसके पति अकेले सोए हुए थे, जब वह चंदा मांगकर रात्रि करीबन 9.30 बजे घर आई और खाना खाकर सो गई। अगले दिन 09 अक्टूबर की सुबह 10 बजे अपने कमरे की आलमारी को खोलकर देखा तो उसमें रखे नगदी रकम करीबन 15000 रुपए, एक नग सोने की ईयररिंग कीमत करीबन 25000 रुपए, एक नग सोने की कनोटी कीमत करीबन 15000 रुपए, दो नग सोने की नथनी कीमत करीबन 2000 रुपए, दो नग चांदी की पायल कीमत करीबन 30000 रुपए, तीन नग चांदी के सिक्का कीमत करीबन 1000 रुपए, दो नग चांदी की बिछिया कीमत करीबन 400 रुपए कुल कीमत 88400 रुपए नहीं थे। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। रोजगार गारंटी योजना के तहत काम के दौरान एक महिला के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया भुवनेश्वरी पटेल ललपुरियापारा ग्राम जामगांव ने बताया कि 07 अक्टूबर की सुबह लगभग 07 बजे वह रोजगार गारंटी के तहत काम करने के लिए धनेश ध्रुव की डबरी ललपुरियापारा ग्राम जामगांव गई थी, जहां पर अन्य ग्रामीण भी गोदी खोद रहे थे, वहां पर कार्य के दौरान मेरे द्वारा खोदी गई गोदी को ब्रम्हा साहू खोदने लगा, जिसे उसने मना किया, तब वह गाली गलौच कर मारपीट करने लगा।

तेंदूकोना क्षेत्र में 5.59 लाख की बड़ी चोरी का खुलासा, पुलिस ने चार आरोपियों पर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तेंदूकोना क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में 2 बिहार, 1 दिल्ली व 1 महासमुंद का है, जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शिवप्रताप सिंह, निवासी तेंदूकोना द्वारा थाना तेंदूकोना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 12.08.2026 को उनके सूने मकान में अज्ञात आरोपियों द्वारा प्रवेश कर सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य संपत्ति तथा नगदी रकम चोरी कर ली । चोरी गई संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 5,59,500 बताई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना तेंदूकोना में अपराध क्रमांक 91/2026, धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना तेंदूकोना पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किए गए। संदेहियों से पूछताछ तथा तकनीकी एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में संलिप्त चार आरोपियों की पहचान कर दबोचा गया। कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। संदेहियों से पूछताछ पर मिली सुराग के आधार पर एवं निशानदेही से चोरी गई संपत्ति, नगदी रकम, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर विधिवत जब्त की गई। आरोपियों के कब्जे से बरामद चोरी की संपत्ति एवं



घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण में चोरी गई संपत्ति की शिनाख्ती एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों की कड़ियों तथा शेष चोरी गई संपत्ति के संबंध में पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने आरोपी सैयद मोहम्मद मुजाहिद, पिता सैयद मोहम्मद कलामुद्दीन, (28 साल), निवासी तैमूर नगर, थाना मंसूरचक, जिला बेगूसराय, बिहार के कब्जे से 01 नग सोने जैसे रंग का मांग टीका, 07 नग चांदी जैसे रंग की अंगुठियां, 10 नग चांदी जैसे रंग की बिछिया, 01 नग चांदी जैसे रंग की चेन, 02 नग चांदी जैसे रंग की पायल, 01 नग चांदी जैसे रंग का ताबीज, 04 नग नाक की नथनी, 01 नग कमरबंद, 01 नग टच स्क्रीन मोबाइल और नगदी रकम 10,000 रुपए को बरामद किया। आरोपी महबूब खान, पिता मोहम्मद बिलाल, (26 साल), निवासी मयूर विहार फेस-1, सीसी गार्डन, गली नंबर 4, थाना पांडव नगर, नई दिल्ली के कब्जे से 2 नग सोने जैसे रंग की अंगुठियां, 09 नग चांदी जैसे रंग की अंगुठियां, 3 नग चांदी जैसे रंग के सिक्के, 20 नग चांदी जैसे रंग की बिछिया, 05 नग चांदी जैसे रंग की पायल बरामद किया गया। आरोपी सागर चंद्र कुर्रे, पिता बालाराम कुर्रे, (36 साल), निवासी छिंदौली, थाना पटेवा, जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़) के कब्जे से 02 जोड़ी सोने जैसे रंग के कान के टॉप्स, 01 जोड़ी चांदी जैसे रंग की लच्छेदार पायल, 03 नग चांदी जैसे रंग की अंगुठियां, 01 नग सोने जैसे रंग का रानीहार, नगदी रकम 10,000 रुपए, 01 नग टच स्क्रीन मोबाइल, घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल, कीमत लगभग 15,000 को बरामद किया गया। वहीं चौथे आरोपी सुजीत कुमार, पिता चंद्रदेव पोद्दार, (30 साल), निवासी वार्ड क्रमांक 18, बलिया पोर्तरिया, थाना बलिया, जिला बेगूसराय, बिहार के कब्जे से 1 नग टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किया गया।

राज्य स्तरीय तीरंदाजी में जीते 15 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन बिलासपुर में 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर संभाग से जिले के 31 खिलाड़ियों की भागीदारी रही। जिले से तीरंदाजी प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग, पीएमश्री सेजेस तुमगांव, नव जीवन मिशन स्कूल तुमगांव, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शाउमावि भाटापारा तुमगांव, देवासीस अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा, शासकीय मिडिल स्कूल खोपली, शासकीय हाईस्कूल



खोपली, स्वामी आत्मानंद शाउमावि कोमाखान, शाउमावि बकमा, सेजेश बागबाहरा ए एल जी गर्ल्स उमावि बागबाहरा के विद्यार्थी शामिल हुए।

जिले में खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद एकलव्य भोरिंग में संचालित किया जा रहा हैं, जिसमें आसपास क्षेत्र के खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। जिसमें 11 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। चयनित खिलाड़ियों में खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर से डोमेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, अदिति पाठक, सुप्रिया साहू, तेज कुमार साहू, भावेश कुमार साहू, दीपांशु जांगड़े, शुभम् पाठक, लिलेश जलछत्री, मनीष साहू, वासुकांत साहू शामिल हुए। जिन्होंने बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने में सफलता हासिल किया एवं 02 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। बालिका 19 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग के डोमेश्वरी साहू ने रिकर्व राउंड में इंडिविजुअल इवेंट में 70 मीटर डिस्टेंस में स्कोरिंग 01 में स्वर्ण पदक, स्कोरिंग 02 में स्वर्ण पदक तथा ओवर ऑल स्कोरिंग में स्वर्ण पदक जीता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं। बालिका 17 वर्ष में शाउमावि भोरिंग के कम्पाउंड राउंड में व्यक्तिगत इवेंट में दुर्गेश्वरी साहू ने 50 मीटर डिस्टेंस में ओवर ऑल स्कोरिंग में चौथा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं।

खबर संक्षेप

मंदर माई मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन 14 तक

धमतरी। शहर के बांसपारा स्थित प्राचीन मंदर माई मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि तेल ज्योति कलश के लिए 901 रुपए और घी ज्योति कलश के लिए 1201 रुपए शुल्क निर्धारित है। इच्छुक भक्त 14 अक्टूबर तक रात 8 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। 15 अक्टूबर को पंचमी तिथि पर शाम के समय मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

खमनापारा में कबड्डी स्पर्धा 12 को

नगरी। शारदीय नवरात्रि पर ग्राम खमनापारा (मुकुंदपुर) में सेवन स्टार क्रीड़ा समिति द्वारा 12 अक्टूबर को एक दिवसीय पंचायत स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश शुल्क 251 रुपये निर्धारित है। प्रथम पुरस्कार 8,026 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5,026 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 3,026 रुपये एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,026 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

अटंग में कबड्डी प्रतियोगिता 24 से

सिर्री। ग्राम अटंग में जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 और 25 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष नेहरू साहू, तेजेन्द्र साहू, रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू ने दी।

ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे 14 गौवंश बरामद

धमतरी। जंगल के रास्ते मवेशियों को हांककर ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिराफ्तार किया है। उसके कब्जे से 14 मवेशियों को छुड़ाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मवेशियों को पंडरीपानी गौशाला भेज दिया गया है। जिले से लगातार गौवंश मवेशियों की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने पुलिस जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। घटना शनिवार की है।

नवरात्रि पर ज्वालाजी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम व स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान





नगर के बस स्टैंड स्थित ज्वालाजी मंदिर में आज से नवरात्र महोत्सव घट-स्थापना निर्धारित मुहूर्त में विधिवत मंत्रोच्चार से शुरू हुआ। उक्त महोत्सव ज्वालाजी सेवा समिति कोमाखान के तत्वावधान में आयोजित है। ज्वालाजी आयोजक समिति कोमाखान द्वारा उक्त महोत्सव पूरे 9 दिनों तक आयोजित है। इस अवसर पर मंदिर में घट स्थापना व दीप प्रज्वलन पंडित अनिल द्विवेदी के मंत्रोच्चार से समिति के पदाधिकारियों, सदालों की उपस्थिति में हुआ। वहीं मंदिर परिसर में क्वांर नवरात्र महोत्सव को भव्य बनाने पूरे नौ दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिदिन संध्या के समय में किया गया है।

12 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रम इस प्रकार है-12 अक्टूबर को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता संध्या 6 बजे, 13 अक्टूबर को रंग भरो स्पर्धा, पेंसिल से ड्राइंग बनाओं प्रतियोगिता (9 से 16 वर्ष के लिए)। 14 अक्टूबर को बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, वक्त आ गया अब तो जागें (खुली स्पर्धा) विषय- पर्यावरण असंतुलन, सामाजिक कुरीतियां, अंध विश्वास। 15 अक्टूबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता (विषय-विज्ञान और धर्म पश्चात शाम 7 बजे एकल अभिनय, 9 से 14 वर्ष। इसके बाद भाषण स्पर्धा का विषय एआई और इंटरनेट यह स्पर्धा 9 वर्ष 14 वर्ष व उससे अधिक के लिए भी रखी गई है। 16 अक्टूबर को मिट्टी से आकृति बनाओ प्रतियोगिता संध्या 6 बजे। पश्चात पक्ष-विपक्ष प्रतियोगिता खुली स्पर्धा जिसका विषय शहर बनाम गांव रखा गया है।

5 दिवसीय डांडिया रास 14 से

इसके अलावा आयोजक ज्वालाजी समिति कोमाखान के अजय अग्रवाल, नितिन जैन, पंकज जैन, अक्षत अग्रवाल, धैर्य जैन ने बताया कि इस उक्त महोत्सव में डांडिया रास का भी आयोजन रखा गया है। समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक 5 दिवसीय होगा। डांडिया रास के लिये समिति ने रात्रि 8 बजे 10 बजे का समय निधारित किया है।

कोमाखान कहानी के जरिए बच्चों में जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

कसेकेरा स्कूल में 'कहानीकार कैसे बनें' कार्यशाला, प्रकृति आधारित कहानियों से जलवायु परिवर्तन का संदेश



बोइरगांव (कोमाखान)। पर्यावरण संरक्षण को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर बच्चों के व्यवहार और जीवनशैली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा में 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' के अंतर्गत 'कहानीकार कैसे बनें' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। समग्र शिक्षा एवं यूनिसेफ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय में वर्ष 2021 से पर्यावरण जागरूकता, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण का स्थायी रास्ता केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है।" जब बच्चे अपने आसपास की प्रकृति को देखते हैं, अनुभवों को कहानी में पिरोते हैं और चित्रों के माध्यम से अपनी बात रखते हैं, तब पर्यावरण संरक्षण उनके लिए केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार बन सकता है। बच्चों के माध्यम से परिवार और समुदाय तक जागरूकता पहुंचाकर प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली को सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवहार का हिस्सा बनाया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ उनके परिवार और समुदाय में भी सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हो सकती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी साहू, जितेंद्र साहू, कोमन चंद्राकर एवं मीनाक्षी चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।



बहेराभांठा में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नर्रा। ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित ग्राम बहेराभांठा में दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें ओडिशा व छग के नामचीन टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से रोमांचक मैच खेला गया। इस स्पर्धा में प्रथम विजेता टीम सरेकेल, द्वितीय पठारीमुड़ा, तृतीय नरतोरा एवं चतुर्थ खट्टी टीम रही। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर, विशेष अतिथि अध्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान नितिन जैन, लता जनक कुम्हार जनपद सदस्य, उत्तम राणा भूतपूर्व जनपद सदस्य, पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी सरपंच ग्राम पंचायत राटापाली, सुनील तिवारी खरियार रोड, नौखलाल पटेल, अश्वनी साहू, भैयाराम सेन, हीरा ललित बया इत्यादि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को नगद राशि एवं प्रतिक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजक समिति के संरक्षक नीलकंठ ध्रुव, अध्यक्ष खेमराज दीवान, उपाध्यक्ष विनोद पटेल, संचालक पूरन ध्रुव, मेघराज ध्रुव, परमेश्वर सोनवानी आदि मौजूद रहे।

अविरल सितली, निर्मल सितली' अभियानः बाढ़ के कचरे और नाला किनारे की सफाई में जुटे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शहर के सितली नाला को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित 'अविरल सितली, निर्मल सितली' अभियान के तहत रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। प्रस्तावित पुल के पास बाढ़ के दौरान जमा हुए कचरे को हटाने के साथ ही सितली नाला के किनारे साफ-सफाई की गई। इस श्रमदान में स्काउट-गाइड, उत्कल समाज के सदस्यों सहित शहर के नागरिकों ने भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने नाला किनारे जमा कचरे को हटाने और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में श्रमदान किया। बाढ़ के बाद जमा हुए कचरे की सफाई कर नाला क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का प्रयास किया गया। अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों की सहभागिता ने सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को सामने रखा। कार्यक्रम में महेंद्र सिका, मनीष शर्मा, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, आनंद साहू, प्रमोद कन्नौजे और रामकुमार साहू सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

जनभागीदारी से ही सफल होगा अभियान

पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा ने कहा कि 'अविरल सितली, निर्मल सितली' अभियान के माध्यम से नागरिकों को शहर के प्राकृतिक जलस्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया जा रहा है।

रविवार को हुए श्रमदान में विभिन्न समूहों की भागीदारी ने यह दिखाया कि सामूहिक प्रयासों से सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के लिए सार्थक पहल की जा सकती है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे नाला क्षेत्र में कचरा न डालें और सफाई बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि सितली नाला को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास निरंतर जारी रह सके।



आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक उनके 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल, सेवाभाव और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान की कड़ी में जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने कहा है कि जिन पात्र हितग्राहियों को अभी तक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म, शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार तथा माताओं-बहनों से आत्मीय मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में पहुंचकर यह अभियान निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रहे।



नवरात्रि पूर्व पर खल्लारी मंदिर बेमचा में श्रमदान जूनियर रेडक्रॉस टीम ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा के विद्यार्थियों एवं जूनियर रेडक्रॉस टीम द्वारा खल्लारी मंदिर परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता, सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण करते हुए खल्लारी मंदिर पहुँचकर ग्रामीणजनों के साथ मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है।

माता की सेवा और स्वच्छता के संकल्प के साथ विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए समाज को प्रेरित किया कि सच्ची श्रद्धा केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना, प्रकृति की रक्षा करना तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना भी सेवा का महत्वपूर्ण स्वरूप है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रभारी एवं ब्लॉक रेडक्रॉस सचिव किरण पटेल ने सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे और उसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण के प्रति सजग रहने, अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सोहन लाल पटकर एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखनु निर्मलकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रेडक्रॉस सहप्रभारी तारिणी कहार एवं गंगा बंजारे ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वच्छता, सेवा भावना, सामाजिक सहयोग तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमें शक्ति, सेवा, समर्पण और सकारात्मकता की प्रेरणा देता है। ऐसे पावन अवसर पर मंदिर परिसर की सफाई एवं श्रमदान के माध्यम से समाज और प्रकृति की सेवा करना हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों एवं जूनियर रेडक्रॉस टीम की इस पहल ने ग्रामीणों के बीच स्वच्छता, सामुदायिक सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दिया।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट दल का हुआ चयन



महासमुंद। नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट के लिए महासमुंद जिले का दल का चयन जिला एथलेटिक संघ द्वारा आज सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक फॉरेस्ट ग्राउंड बी टी आई रोड महासमुंद में आयोजित किया गया। आयोजन में अतिथि खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करने, ग्रामीण क्षेत्रों से शासन द्वारा टेलेंट सर्च कर उनको बेहतर सुविधा प्रदान करने, प्रतियोगिता हेतु तैयार करने, एशियन गेम्स, कॉमन वेल्थ गेम्स, नेशनल गेम्स में भागीदारी करने राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा हैं। खिलाड़ियों को भागीदारी करने शुभकामनाएं दीं। आगामी होने वाले आयोजन की तैयारी करने जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ सचिव चारुलता गजपाल, डॉ. सुनील कुमार भोई, भूपेंद्र प्रधान, रेखराम ध्रुव, मदन चौधरी, कल्याणी, भारत ठाकुर, भारती, कंचन सेन, आदि उपस्थित रहे। आयोजन में बसना, सरायपाली, महासमुंद से केंद्रीय विद्यालय, भोरिंग, तुमगांव, लाफिंग खुर्द, आशिबाई गोलछा, सेजेश महासमुंद, सरस्वती शिशु मंदिर, आदि विद्यालय के लगभग 90 खिलाड़ी शामिल हुए। जिले के खिलाड़ी बालक एंव बालिका 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में ट्रेथलन ए- 60 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंची कूद, ट्रेथलन बी - 60 मीटर दौड़, लंबीकूद, बैक थ्रो, ट्रेथलन सी -60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़ एवं साथ ही भाला फेंक प्रतियोगिता में भागीदारी करने शामिल हुए। आयोजन के परिणाम 16 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में जैवलिन थ्रो में प्रखर पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंचीकूद एवं 600 मीटर दौड़ में चंद्रशेखर सिदार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में पंकज बुदेक प्रथम एवं लावण्या साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में शालिनी मानिकपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 60 मीटर दौड़ में लक्ष्य भोई ने प्रथम रहे।

देश के विकास में मोदी सरकार का योगदान शून्य, 12 साल में केवल अस्थिरता दीः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत का केवल जुमला दिखाया जा रहा है। जबकि, देश के विकास में मोदी सरकार का योगदान शून्य है। ऐसा कोई ठोस कार्य नहीं है जिसे यह सरकार अपनी उपलब्धि बता सके। पिछले 12 साल में मोदी सरकार ने केवल देश को अस्थिर करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार 2016 से अब तक लगभग 10 से अधिक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में पूरी हिस्सेदारी निजी हाथों में सौंपी जा चुकी है, जिसमें एयर इंडिया और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड जैसे बड़े संस्थान शामिल हैं। हाल ही में इंडियन मेडिसिंस फार्मास्युटिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी भी बेच दी गई। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2014-15 से 2024-25 के बीच विनिवेश से लगभग 4.4 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं, जिसका सीधा असर बेरोजगारी पर पड़ा है। चंद्राकर ने कहा कि आज विदेशी उद्योगपति भी भारत पर तंज कस रहे हैं कि क्या देश अंबानी-अडानी जैसे लोग चला रहे हैं।

टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भी हाल ही में इस बात पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि भारत की नीतियां कुछ चुनिंदा बड़े औद्योगिक घरानों के इर्द-गिर्द घूमती नजर आती हैं, जिससे वैश्विक निवेशकों में असमानता और एकाधिकार को लेकर चिंता है। जब दुनिया के बड़े उद्योगपति इस तरह सवाल उठा रहे हैं तो समझा जा सकता है कि देश की छवि कहां पहुंच गई है। देश कर्ज में डूब रहा है, हर नागरिक कर्जदार बन रहा है और बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। क्या यही मोदी सरकार का विकसित भारत है।

पेज 9 का शेष

बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिया जाता हैं। जिसमें आसपास क्षेत्र के खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन हुआ तथा बागबाहरा के 02 खिलाड़ियों का चयन ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत अभ्यास केंद्र शाउमावि बकमा एवं कोमाखान के खिलाड़ियों का चयन हुआ हैं। बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा से चांदनी साहू पिता बलदेव साहू ने 03 स्वर्ण पदक, वैशाली साहू ने 03 रजत पदक, कमलेश साहू ने 03 कांस्य पदक एवं चांदनी साहू पिता टेकचंद साहू ने 03 स्वर्ण पदक सहित 12 पदक जीता। इसके साथ ही जया पहाटिया ने ओवर ऑल स्कोरिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया एवं गजेंद्र निषाद ने ओवर ऑल स्कोरिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया। सभी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं।

जिले से तीरंदाजी 14 वर्ष बालक टीम में तेज कुमार साहू, भावेश कुमार साहू, दीपांशु जांगड़े, दूदीत्य नारायण पहाटिया, प्रियांशु ठाकुर, शुभम पाठक एवं बालिका टीम में आराध्या सोनी, हर्षा प्रजापति, अदिति पाठक शामिल हुए। तीरंदाजी बालक 17 वर्ष में लक्ष्मण चंद्राकर, कमलेश साहू, तोरण यादव, गजेंद्र निषाद, टूकेश साहू, लिलेश जलछत्री, मनीष साहू, वासुकांत साहू एवं तीरंदाजी बालिका 17 वर्ष में चांदनी साहू पिता बलदेव साहू, जया कुमारी पहाटिया, वैशाली साहू, तृषा प्रजापति, चांदनी साहू पिता टेकचंद साहू, दुर्गेश्वरी साहू शामिल हुए। तीरंदाजी बालक 19 वर्ष में भूपेंद्र निषाद, ओम प्रकाश ध्रुव, प्रियांशु साहू, लोकेश निषाद, कुशोराम साहू, रितेश साहू एवं बालिका 19 वर्ष में डोमेश्वरी साहू भोरिंग, सुप्रिया साहू महासमुंद से शामिल हुए। राज्य दल में जिले से तीरंदाजी में प्रशिक्षक हिरेंद्र देवांगन, एवन कुमार साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई एवं मैनेजर तीरंदाजी में कमला मांझी शामिल रहीं।

बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के खिलाड़ियों एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों के पदक जीतने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, डॉ. विकास अग्रवाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, ओसराम ढीढी, झाड़ू राम साहू, डॉ. तुलसी राम साहू, जनकु राम साहू, लीला लोकेश्वर, भेख राम साहू, वेद प्रकाश साहू, प्रीतम साहू, प्रियंका लवेश ढीढी, जीवन लाल साहू प्राचार्य भोरिंग, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, नीलम साहू, डॉ. पुनेंद्र चंद्राकर पीरित राम, अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ साहू, फूल दास पहाटिया, भोपाल सिंह बंजारा, हिना ढालेन, प्राचार्य सेजेश बागबाहरा सुषमा बड़ा, शैलेश शुक्ला, ऋषि कपूर साहू, खेल विभाग से मोना सेन, रूप लाल साहू, उर्वशी साहू एवं समस्त व्यायाम शिक्षक जिला महासमुंद एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर महासमुंद पुलिस का स्वच्छता संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, जिला पुलिस बल महासमुंद द्वारा आज स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस लाईन परसदा स्थित शहीद पुलिस स्मारक स्थल व बीटीआई रोड स्थित वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मारक स्थल में विशेष साफ-सफाई की गई। इस दौरान जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं जवानों ने श्रमदान कर परिसर में फैले कचरे, झाड़ियों एवं अनावश्यक घास-फूस की सफाई की तथा स्मारक स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी जयंती पर स्वच्छता का यह कार्य न केवल उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' के संकल्प को भी सार्थक करता है।

खबर संक्षेप

जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में जागरुकता व्याख्यान

महासमुंद। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर खैरा स्थित जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक रोगों के सामान्य लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. दुबे ने अवसाद, चिंता, तनाव, अनिद्रा एवं अन्य मानसिक विकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि मानसिक रोगों को कमजोरी या सामाजिक कलंक के रूप में नहीं देखना चाहिए। समय पर पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार से प्रभावित व्यक्ति को बेहतर सहायता प्रदान की जा सकती है। उन्होंने नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, योग, प्राणायाम, ध्यान एवं सकारात्मक सामाजिक सहयोग को मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही आयुर्वेद में वर्णित स्वस्थ आहार-विहार एवं सद्वृत्त के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में आयुष पॉली क्लिनिक के फार्मासिस्ट नरेश कुमार गायकवाड़ ने सहयोग प्रदान किया।

305 पंचायत टीबी मुक्त के लिए जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

महासमुंद। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को टीबी मुक्त भारत (जेओएसएच टीम) शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े एवं निधि चंद्राकर, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, अमन वर्मा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके कुशवाहा, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.विकास चंद्राकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, एनएचएम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्रवाई: 187 परिसरों की जांच में 96 उपभोक्ता अनधिकृत रूप से बिजली चोरी करते मिले

बिजली चोरों पर बड़ा शिकंजा, 27 जांच दलों की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्य अभियंता एके लखेरा के निर्देशन में, अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार साहू के नेतृत्व तथा संबंधित कार्यपालन अभियंताओं के मार्गदर्शन में महासमुंद वृत्त के अंतर्गत महासमुंद एवं गरियाबंद जिलों में विद्युत बकायादारों तथा पूर्व में विच्छेदित विद्युत कनेक्शनों की सघन जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के लिए कुल 27 जांच दलों का गठन किया गया, जिनमें लगभग 55 सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं (एई /जेई) एवं लाइन कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई।

अभियान में विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की गई, जिनके स्मार्ट मीटर कनेक्शन रिमोट के माध्यम से तथा नॉन-स्मार्ट मीटर कनेक्शन बकाया राशि के कारण पूर्व में विच्छेदित किए गए थे। जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विद्युत विच्छेदन के बाद संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि जमा किए एवं बिना विभागीय अनुमति के पुनः विद्युत का उपयोग तो नहीं किया जा रहा है।

विशेष अभियान के दौरान महासमुंद वृत्त सीएसपीडीसीएल के अंतर्गत कुल 187 उपभोक्ता परिसरों की सघन जांच की गई। जांच में 96 उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बकाया राशि का भुगतान किए बिना तथा पूर्व में विच्छेदित कनेक्शन के बाद अनधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग किए जाने के मामले सामने आए। इनमें मीटर को बायपास करके अथवा एलटी लाइन से सीधे हुकिंग कर विद्युत उपयोग किए जाने की अनियमितताएं पाई गईं। ऐसे मामलों में जांच दलों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। विद्युत विच्छेदन के बाद किए गए अनधिकृत विद्युत उपयोग के आकलन के अनुसार बिलिंग करने तथा संबंधित प्रकरणों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 एवं 135 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रकरणों की प्रकृति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराने तथा सक्षम विशेष न्यायालय में मामले प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी की जा रही है।



समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को राहत

अभियान के दौरान अनेक घरेलू बीपीएल एवं कृषि पंप उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री समाधान योजना के अंतर्गत अपने बकाया प्रकरणों के निराकरण के लिए पंजीयन कराया तथा नियमानुसार भुगतान किया। वहीं, कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर अपने विद्युत कनेक्शन का नियमानुसार पुनः संयोजन कराने की पहल की। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई कि बकाया राशि का भुगतान करने तथा विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही विद्युत कनेक्शन पुनः चालू कराया जाए, जिससे अनावश्यक वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सके।

जोड़ने वालों पर होगी कड़ी वैधानिक कार्रवाई

सीएसपीडीसीएल ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर के रिमोट डिस्कनेक्शन अथवा अन्य माध्यम से विद्युत कनेक्शन विच्छेदित होने के बाद स्वयं लाइन जोड़कर, मीटर बायपास करके अथवा एलटी लाइन से हुकिंग कर बिजली का उपयोग करना गंभीर अनियमितता है। जांच में ऐसे मामले पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उपभोक्ताओं से विद्युत कंपनी की अपील

विद्युत कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनका विद्युत कनेक्शन बकाया राशि के कारण विच्छेदित किया गया है, वे स्वयं लाइन जोड़कर विद्युत का उपयोग न करें। वे अपने बकाया का भुगतान कर विभागीय प्रक्रिया के अनुसार विधिवत पुनः संयोजन प्राप्त करें। मीटर बायपास करना, सीधे लाइन से हुकिंग करना अथवा विद्युत विच्छेदन के बाद अनधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करना दंडनीय हो सकता है। महासमुंद वृत्त के अंतर्गत विद्युत बकाया वसूली, विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं राजस्व संरक्षण के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी।

नगरीय निकाय कर्मचारियों ने अब मांगों को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया



महासमुंद। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले तूता नवा रायपुर में एक दिवसीय 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हुआ। पूरे प्रदेशभर से आए निकाय कर्मचारियों ने शासन के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए अपने मांगों को लेकर हुंकार भरा।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि पूरे प्रदेश में निकाय कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब है। कर्मचारियों को विगत 3-4 माह से वेतन नहीं मिला है। वर्तमान में त्योहारों का समय चल रहा है, घरों में बच्चों और बुजुर्गों का मौसमी बीमारी से स्वास्थ्य खराब है, जिनके उचित उपचार के लिए तरस रहे है। समय में बैंकों का लोन किस्त नहीं जमा नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों में शासन के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने बताया कि सर्व सहमति से संघ का निर्णय हुआ है कि महीने के पहली तारीख को वेतन भुगतान और कर्मचारियों के पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट में संघ के तरफ से याचिका लगाई जाएगी।

जिला अध्यक्ष शुभम सोना ने बताया कि हजारों की संख्या में प्रदेश के दूरांचल जगहों से कर्मचारी धरना स्थल में पहुंचे। मांगों पर शासन द्वारा समय रहते उचित कर्मचारी हित में निर्णय नहीं लिया जाता तो आगे और उग्र आंदोलन होगा। कर्मचारियों ने रैली निकल कर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा।

नवरात्र के मौके पर होंगे कवि सम्मेलन

महासमुंद। नवरात्रि पर विभिन्न मंचों पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 14 अक्टूबर को ग्राम पांडुका राजिम में आयोजित कार्यक्रम में मीर अली मीर रायपुर, गजपति साहू बालोद, सुरेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. रामशरण चंद्राकर बेमचा महासमुंद, डिगेश साहू बीकेबाहरा शिरकत करेंगे। वहीं 16 अक्टूबर को ग्राम सिरीं फिंगेश्वर में कवि सम्मेलन में कृष्णा भारती बिलईगढ़, मीर अली मीर रायपुर, डा रामशरण चंद्राकर बेमचा, सुरेंद्र अग्निहोत्री, संजय कबीर शर्मा रायपुर शिरकत करेंगे।

जिले में आज से 30 नवंबर तक मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण, संसोधन, ई-केवाईसी एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जिले में 55 मोबाईल कैंप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी डी. एन. पात्र ने बताया कि यह अभियान 12 अक्टूबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक लगातार संचालित किया जाएगा। जिसके तहत विकासखंडवार विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों तक सुविधा पहुंचाई जा सके।

उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर 2026 महासमुंद विकासखंड के ग्राम रूमेकेल एवं पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोड़बहाल में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 13 अक्टूबर को अरेकेल बसना एवं परसुली बागबाहरा में, 14 अक्टूबर को ग्राम नूनपाली सरायपाली, 15 अक्टूबर को कनेकेरा महासमुंद एवं मुढ़ीपार पिथौरा, 16 अक्टूबर को ग्राम दुलारपाली बसना एवं पण्डरीपानी बागबाहरा, 19 अक्टूबर को ग्राम बोंदानवापाली सरायपाली, 21 अक्टूबर को ग्राम बम्हनी महासमुंद एवं लहरौद पिथौरा, 22 अक्टूबर को ग्राम लोहड़ीपुर बसना एवं झिटकी बागबाहरा, 23 अक्टूबर को ग्राम नवागढ़ सरायपाली, 26 अक्टूबर को ग्राम तुरेंगा महासमुंद एवं गोपालपुर पिथौरा, 27 अक्टूबर को ग्राम दुर्गापाली बसना एवं कोकड़ी बागबाहरा, 28 अक्टूबर को ग्राम जम्हारी सरायपाली एवं भोरिंग महासमुंद, 30 अक्टूबबर को ग्राम गिरना पिथौरा, 02 नवंबर को ग्राम बिटांगीपाली बसना एवं बोइरगांव बागबाहरा, 03 नवंबर को नगर पालिका वार्ड 01 सरायपाली एवं ग्राम रायतुम महासमुंद, 04 नवंबर को ग्राम सुखीपाली पिथौरा एवं मोहका बसना, 05 नवंबर को ग्राम कुसमी बागबाहरा एवं नगर पालिका वार्ड 02 सरायपाली में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 06 नवंबर को ग्राम कछारडीह महासमुंद, मोहदा पिथौरा, 13 नवंबर को ग्राम सिंघनपुर बसना एवं गनौद बागबाहरा, 16 नवंबर को नगरपालिका वार्ड 03 सरायपाली एवं ग्राम तेंदूवाही महासमुंद, 17 नवंबर को ग्राम परसापाली पिथौरा एवं कुडकेल बसना, 18 नवंबर को ग्राम बकमा बागबाहरा एवं नगरपालिका वार्ड 05 सरायपाली, 19 नवंबर को ग्राम बावनकेरा महासमुंद एवं कसहीबाहरा पिथौरा, 20 नवंबर को ग्राम भंवरपुर बसना एवं गांजर बागबाहरा, 23 नवंबर को नगरपालिका वार्ड 07 सरायपाली एवं ग्राम कांपा महासमुंद, 25 नवंबर को ग्राम सड़क पिथौरा एवं बिछिया स बसना, 26 नवंबर को ग्राम बंसुलीडबरी बागबाहरा एवं नगर पालिका वार्ड 09 सरायपाली, 27 नवंबर को ग्राम घोड़ारी महासमुंद, लाखागढ़ पिथौरा एवं नगर पंचायत वार्ड 05 बसना तथा 30 नवंबर को ग्राम टेढ़ीनारा बागबाहरा एवं नगर पालिका वार्ड 10 सरायपाली में मोबाइल कैंप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा।

नयापारा अंबेडकर स्कूल में 8 लाख के पेवर ब्लॉक कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने पालिका ने बढ़ाए कदम, दो स्कूल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर के नयापारा स्थित आंबेडकर स्कूल में 8 लाख रुपए की लागत से होने वाले पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों और वार्डवासियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुस्ताक खान, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, पार्षद राहुल आवड़े, नीरज चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी सहित शिक्षिकाएं सीमा इंगोले, आकांक्षा भोई, क्षमा प्रधान, मुक्ता चंद्राकर, विनीता साहू, हेमलता शर्मा, अंजना शर्मा, योगिता ठाकुर, मधु साहू और बड़ी संख्या में पालिका स्टाफ व वार्डवासी उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी पाई गई



थी। बारिश के दिनों में परिसर में कीचड़ और जलभराव की गंभीर समस्या सामने आती है जिससे बच्चों को आने जाने में कठिनाई होती है। इसी को देखते हुए उन्होंने स्कूल परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने की घोषणा की थी। अब इस कार्य के शुरू होने से बच्चों को कीचड़ से निजात मिलेगी और परिसर स्वच्छ व सुंदर बनेगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान नन्हे बच्चों ने उनसे स्कूल परिसर में झूला, फिसलपट्टी आदि लगाने की मांग की थी। बच्चों की मांग को पूरा करते हुए साहू ने आश्वस्त किया है कि पालिका द्वारा शीघ्र ही स्कूल परिसर में झूला, फिसलपट्टी सहित खेल सामग्री लगाई जाएगी। साहू ने बताया कि शहर के दो स्कूलों को पालिका द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हांकित किया गया है, जिसमें बच्चों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आंबेडकर स्कूल के बाद राम पाठशाला में भी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। दोनों स्कूलों में पेवर ब्लॉक, बेंच व्यवस्था और परिसर के आधुनिकीकरण के बाद बच्चों की पढ़ाई को हाईटेक और डिजिटल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके लिए कंप्यूटर, डिजिटल इक्विपमेंट्स और आधुनिक शिक्षण उपकरण नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले नपाध्यक्ष की मंशा

साहू ने कहा कि समय समय पर वे शहर के शासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं। आंबेडकर स्कूल नयापारा और राम पाठशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं और मासूम बच्चों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही इन कार्यों को कराने की ठानी है।

उनकी मंशा है कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं मिले, शिक्षा के मार्ग में कोई भी जरूरत बाधा न बने। इन दोनों स्कूलों को आज के समय के हिसाब से हाईटेक बनाया जाएगा और इसके लिए जो भी बजट लगेगा वह पालिका द्वारा वहन किया जाएगा।

पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला सहित तहसील मुख्यालयों के न्यायाधीशों द्वारा सतत रूप से स्कूलों, कालेजों, ग्रामों एवं सामुदायिक स्थानों पर नागरिकों को सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से कानूनी से संबंधित विधिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा बरोंडाबाजार स्थित शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक जागरुकता के विभिन्न विषयों से संबधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो, प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश स्वाती पैकरा, सृष्टि सोनकला और राहुल कुमार निराला, कॉलेज के स्टाफगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा प्रमुख रूप से मोटरयान अधिनियम, साइबर अपराध एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने मोटरयान अधिनियम के तहत प्रावधानित नियमों का पालन करने तथा वाहन की बीमा संबंधी जानकारी दी। साथ ही आज के आधुनिक एवं डिजिटल युग में बढ़ती साइबर अपराधों से आनलाइन होने वाले जैसे युपीआई, क्यूआर फ्रांड, ओटीपी, डिजिटल गिरफ्तारी, बैक केवास अपडेट फ्राड, इन्वेस्टमेंट एवं ट्रेडिंग, एपीके फाइल, जाब एवं लोन, वाट्अप एवं सोशल मिडिया है, क्यूआर कोड स्केंम से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो तथा निःशुल्क प्रदाय की जाने वाली विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्राधिधकरण द्वारा गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है।

देव संस्कृति विद्यालय में पालक, बालक, गुरु सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा

महासमुंद। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक, बालक गुरु सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, अध्यक्ष सु शशि प्रभा थिटे, प्राथमिक प्रभारी अनीता पिल्लई एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यालय में उपस्थित समस्त पालकगण द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अभिभावकों का स्वागत गुलाल चंदन से तिलक लगाकर किया गया। बैठक में संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे द्वारा बच्चों को अद्वितीय कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं उनके द्वारा बच्चों के विकास में आने वाले सकारात्मक और नकारात्मक तथ्यों पर अपना विचार प्रकट किए। सभी अभिभावकों का ध्यान इस वर्ष होने वाली कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया गया। पालकों के समक्ष बच्चों के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रभारी व्याख्याता लोकेश चंद्राकर ने जारी किया गया। छात्रों की उपस्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों ने पालकों को छात्रों के शैक्षणिक गुणवत्ता व उपस्थिति के बारे में चर्चा की और छात्रों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए कहा गया। संस्था की प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसा होना चाहिए, अनुशासन, पढ़ाई को रुचिकर कैसे बनाया जाए तथा इस आधुनिक दौर में बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर कैसे रखा जाए।

बेलसोंडा में एक सप्ताह से आक्रामक बंदर का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में पिछले एक सप्ताह से आक्रामक बंदर के आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बंदर द्वारा कई ग्रामीणों पर हमला किए जाने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर जनपद उपाध्यक्ष महासमुंद हुलसी चंद्राकर ने महासमुंद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। उन्होंने पूरे मामले की गंभीरता से जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा और मांग की कि आक्रामक बंदर को तत्काल पकड़ने के लिए संबंधित वन विभाग को आज ही आवश्यक निर्देश दिए जाए। हुलसी ने कहा कि लगातार हो रहे हमलों के कारण ग्रामीणों में भय व्याप्त है। समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बेलसोंडा सरपंच प्रीतबाई धीवर एवं ग्रामीण हिमांशु परमार भी उपस्थित रहे। हुलसी चंद्राकर ने कहा कि जनहित और जनता की सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासन तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है।

खबर संक्षेप

बेमचा खल्लारी ज्योति प्रज्ज्वलित

महासमुंद। ग्राम बेमचा में क्वार नवरात्र महोस्तव मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ माँ खल्लारी मंदिर में ज्योत प्रज्ज्वलन हुआ। यहां कुल ज्योत 427 है। इस मौके पर सभी श्रद्धालुगण उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल महिला-पुरुष प्रतियोगिता दोनों वर्गो में पीजी कॉलेज बना विजेता

महासमुंद। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.रीता पांडेय के मार्गदर्शन एवं दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की हैंडबॉल टीम ने 8 अक्टूबर को सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल (महिला /पुरुष) प्रतियोगिता बागबाहरा में भाग लिया। पीजी कॉलेज के दोनों ही महिला एवं पुरुष टीम ने फाइनल मैच आयोजक महाविद्यालय बागबाहरा के साथ खेला और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में महासमुंद विजयी रहा। पुरुष टीम में दिलेश, हनी, अक्षत, वासुदेव, अजय, राजीव, विकास, पूनम साहू, हुमेश, वेदप्रकाश, तुषार, मोहित, महिला टीम में सीमा, अनामिका, पूजा, चारु, रामेश्वरी, ममता, लल्ली, किरण शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं कोच कपिल पेंडरिया सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

अयोध्या नगर में 16 को कवि सम्मेलन, नामचीन कवि बिखेरेंगे काव्य रस

महासमुंद। नगर के वार्ड क्रमांक 03 अयोध्या नगर में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गुरुवार, 16 अक्टूबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के साथ हास्य, व्यंग्य, गीत एवं श्रृंगार की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने और सुनने को मिलेंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जाने-माने कवि एवं कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ी गीतकार मीर अली मीर (रायपुर), छत्तीसगढ़ी हास्य कलाकार एवं संयोजक सुरेंद्र अग्निहोत्री 'आगी' (महासमुंद), मंच संचालक संजय कबीर शर्मा (रायपुर), ईश्वर साहू 'आजाद' (तेलका, बेमेतरा) तथा श्रृंगार रस की कवयित्री शशि तिवारी 'महुआ' (दुर्ग) अपनी काव्य प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने समस्त वार्डवासियों, साहित्य प्रेमियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

सम्मान के लिए रामशरण का नाम भेजा

महासमुंद। ग्राम बेमचा निवासी



साहित्यकार व समाजसेवक डा रामशरण चंद्राकर का नाम समाज कल्याण विभाग की ओर से भामाशाह सम्मान के लिए भेजा गया है। इस पर साहित्यकारों में हर्ष का माहौल है।

आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय गणित मेला की हुई शुरुआत

वैदिक गणित पद्धति से कम समय में ही हल हो जाते हैं कठिन सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय गणित मेला का उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवनारायण साहू (प्रांतीय संगठन मंत्री), विशेष अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा (अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड संघ छत्तीसगढ़), विशेष अतिथि चमन चंद्राकर(प्राचार्य बम्हनी), कार्यक्रम की अध्यक्षता संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), घनश्याम सोनी (सचिव), भारती गुप्ता (सदस्य), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती,ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू द्वारा करवाया गया। अतिथि परिचय के उपरांत अतिथियों का एवं कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों से आये हुए निर्णायकों का तिलक एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। पश्चात कार्यक्रम के प्रभारी गोविंद चौधरी ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन देते हुए बताया गया कि गणित मेले में भाग लेने वाले भैया/बहन वैदिक गणित की विधि द्वारा बहुत कम समय में गणित के प्रश्नों को हल करते हैं 1 इस प्रांतीय गणित मेला में आए हुए भैया बहन गणित पत्रवाचन, वैदिक गणित प्रश्न मंच, गणित प्रयोग, एवं गणित प्रदर्श (मॉडल) में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

प्रांतीय गणित मेला के पश्चात, क्षेत्रीय गणित मेला 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विहार रायपुर में एवं अंतिम में अखिल भारतीय गणित मेला 21 से 24 नवंबर तक सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार, धनबाद (झारखंड) में होगी। विशेष अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र रहे इंद्रजीत सिंह खालसा ने विद्यालय में अपने विद्यार्थी जीवन के समय में अध्ययन किए हुए अपने संस्मरण साझा किया। उन्होंने आग्रह किया कि सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं स्काउट गाइड से जुड़े एवं अपने अंदर की कला को पूरे देश में फैलाएं। विशेष अतिथि चमन चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि विद्यार्थियों को गणित मेला एवं विज्ञान मेला की आवश्यकता क्यों होती है, इन पर विचार रखते हुए उनके द्वारा बताया गया कि यह छात्रों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर प्रायोगिक तौर पर मॉडल बनाने और प्रयोग करने का मौका देता है। इससे बच्चों में समस्याओं को तार्किक रूप से समझने एवं उनका विश्लेषण करने और हल खोजने की क्षमता विकसित होती है। मुख्य अतिथि देवनारायण साहू ने में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर को वर्ष 2026 तक 74 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इसके 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में 'अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। यह विद्यालय निरंतर एक लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना और संचालन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्रप्रेम से जोड़ना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संध्या शर्मा ने भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन के ऊपर स्वरचित कविता रामानुजन को नमन, गणितज्ञ को नमन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया। संचालन वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू ने किया। इस अवसर पर मनीष शर्मा, भारत साहू (प्राचार्य लाफिनखुर्द), देवेंद्र राव देशमुख (अखिल भारतीय वैदिक गणित के संयोजक), नरेश यादव (राजिम विभाग समन्वयक), गणित मेला के निर्णायक गोविंद चौधरी (प्रांत प्रमुख), ललित सिंह सेंगर (प्रांत प्रमुख), मुकेश निर्मलकर (मार्गदर्शक), मलिक राम वर्मा (मार्गदर्शक), उत्तम कुमार साहू (विभाग प्रमुख राजिम), भरत लाल वास (विभाग प्रमुख बिलासपुर), पवन गौतम (विभाग प्रमुख राजनंदगांव), प्यारेलाल वर्मा (विभाग प्रमुख रायपुर), शिव कुमार कन्नौजे (वैदिक गणित जिला प्रमुख महासमुंद) एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न विभाग से आये दीदी /आचार्य एवं विद्यालय की समस्त दीदी /आचार्य उपस्थित थे।

आदिम जनजाति, 1971 में षड्यंत्रपूर्वक अजजा की सूची से किया गया विलोपनः डॉ. चरणदास महंत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पनिका समाज बस्तर द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन जगदलपुर में संपन्न हुआ। जिसमें संबोधित करते हुए डॉ.महंत ने कहा कि पनिका समाज अविभाजित मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित रहा, लेकिन 8 दिसंबर 1971 से उसकी स्थिति बदल गई। उन्होंने इस घटनाक्रम को समाज के ऐतिहासिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए इसके पीछे राजनीतिक षड्यंत्र होने का आरोप लगाया।

डॉ. महंत ने कहा कि आज भी कुछ आदिवासी नेता पनिका जाति की अनुसूचित जनजाति की सूची में वापसी के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने इस दृष्टिकोण पर असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि पनिका समाज की बहाली से आदिवासी समाज की एकजुटता और मजबूती बढ़ सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में आदिवासी आबादी का उल्लेख करते हुए कहा कि पनिका समाज को भी इसमें सम्मिलित किए जाने से आदिवासी समाज की संख्या और सामूहिक शक्ति बढ़ेगी। डा. महंत ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की आबादी 32 प्रतिशत है, इसमें पनिका जाति की 3 प्रतिशत आबादी जुड़ने से कुल आदिवासी आबादी 35 प्रतिशत हो जाएगी।

सम्मेलन में समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. देवधर महंत, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फूलदास महंत तथा कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधि पोषक महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ अन्य प्रांतों से भी पनिका समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर वंशधारी संवरा, सुमित दास, पुरस्कृत शिक्षक टीकादास, डॉ. बरसाइतदास महंत, सोनभद्र के गायक मुनेश्वर पनिका तथा ओडिशा के भुवनेश्वर मानिकपुरी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में धरमू कश्यप, प्रेमसागर पंथ, लीलेश्वर पनिका और शंकर राव ने अथक प्रयास किया।

नपाध्यक्ष ने मां महामाया के किए दर्शन, नगरवासियों के सुख समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

महासमुंद। शारदीय नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर की आराध्य कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर विधि विधान से दर्शन पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मां महामाया से समस्त नगरवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि माँ महामाया की कृपा से नगर में सुख शांति बनी हुई है। नवरात्रि का पर्व शक्ति की आराधना का पर्व है जो हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। साहू ने कहा कि मां के आशीर्वाद से महासमुंद नगर निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहे और सभी नागरिकों के जीवन में खुशहाली आए। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही और भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।



धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ करे सरकार : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला सहित प्रदेशभर में अर्ली वैरायटी धान की कटाई शुरू हो चुकी है और अन्य वैरायटी का धान भी अक्टूबर अंत तक पककर तैयार हो जाएगा।

इसके बावजूद सरकार द्वारा अब तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि घोषित नहीं की गई है, जिससे किसान चिंतित हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव एवं जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने किसान हित में सरकार से जल्द निर्णय लेकर एक नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की मांग की है।

चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश किसान हार्वेस्टर से कटाई करा रहे हैं और घरों में भंडारण की जगह नहीं होने के कारण उन्हें धान खुले में रखना पड़ रहा है।

ऐसे में बेमौसम बारिश, सूखत और चूहों की मार से धान को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती बन गया है। पिछले वर्ष सरकार की लेटलतीफी के कारण दिसंबर में खरीदी शुरू हुई थी, जिससे किसानों को बारदाना के लिए भटकना पड़ा और लंबी कतारों में परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष फसल में बीमारियों के प्रकोप से किसानों की लागत बढ़ गई है और कई किसान कर्ज के बोझ तले हैं। ऐसे समय में धान की शीघ्र खरीदी से उन्हें आर्थिक तंगी से राहत मिलेगी और दीपावली सहित आगामी तीज त्योहारों के खर्च का प्रबंधन हो सकेगा।



चंद्राकर ने मांग की कि एक नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर धान खरीदी शुरू करने की परंपरा स्थायी रूप से बनाई जाए। ताकि, हर वर्ष तिथि को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो। साथ ही उन्होंने कहा कि 2023 में किए गए 3100 रुपए के वादे के बाद केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी में की गई वृद्धि लगभग 258 रुपए को जोड़ते हुए इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल लगभग 3358 रुपए दिया जाना चाहिए।

सरकार को किसान हित में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल घोषणा करनी चाहिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा की ऐतिहासिक उपलब्धि, एक ही दिन में 10 प्रसव, 7 सी-सेक्शन एवं 3 सामान्य प्रसव सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में एक ही दिन में 07 अक्टूबर को कुल 10 प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए, जिनमें 7 सी-सेक्शन (ऑपरेशन द्वारा प्रसव) तथा 3 सामान्य प्रसव शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल में एक हिस्टेकटॉमी (बच्चा दानी आपरेशन) भी सफलतापूर्वक की गई। यह उपलब्धि क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों पर बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ है।

इस उपलब्धि से बागबाहरा सहित आसपास के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष लाभ मिल रहा है। अब उन्हें प्रसव संबंधी आवश्यक सुविधाओं के लिए दूरस्थ अस्पतालों की ओर जाने की आवश्यकता कम हो रही है। शासकीय अस्पताल में सी-सेक्शन एवं सामान्य प्रसव की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को समय पर उपचार मिल रहा है तथा निजी अस्पतालों में होने वाले अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिल रही है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेवेंद्र साहू के नेतृत्व में प्रसव संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस बढ़ई के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद डॉ. आरके सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में सी-सेक्शन एवं सामान्य प्रसव की सुविधाओं का निरंतर संचालन ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए राहतकारी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा-युवा संवाद मेला का आयोजन

महासमुंद। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार विकसित भारत के अंतर्गत नशा मुक्ति के चतुर्थ सप्ताह पर 09 अक्टूबर 2026 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में नशा मुक्त युवा-युवा संवाद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मचेवा ग्राम की सरपंच प्रमिला ध्रुव उपस्थित रहीं। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीता पांडेय ने की। डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, गीतांजलि ध्रुव पंच ग्राम मचेवा, किशोर कुमार ध्रुव, राजेश्वरी सोनी एवं आशुतोष पुरी गोस्वामी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक नुसरत फातिमा ने सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया गया। स्वागत भाषण एवं विषय पर प्रकाश डॉ. मालती तिवारी ने डाला। मुख्य अतिथि प्रमिला ध्रुव ने कहा कि समाज में नशा सबसे बड़ी बाधा है, जिसे समाप्त करने की जिम्मेदारी युवाओं की है। प्राचार्य डॉ. रीता पांडेय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नशा मुक्त युवा मुख्य भूमिका निभाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नुसरत फातिमा एवं तनु निर्मलकर ने भाषण, रितु साहू ने नशा मुक्ति पर गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू एवं समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा प्रीति विश्वकर्मा एवं समूह द्वारा छत्तीसगढ़ी रीमिक्स पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। खुले युवा संवाद में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति पर विचार साझा किए। युवाओं ने सेल्फी पॉइंट पर नशा मुक्ति का संदेश देते हुए सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर शेयर किया।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बनाई आगामी योजना

महासमुंद। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा आगामी योजना की तैयारी एवं प्रांतीय पर्यवेक्षकों के आगमन जिला इकाई के गठन पर जिला संयोजक टेकराम सेन एवं सह संयोजक रेखराज शर्मा के नेतृत्व में आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को जिला इकाई के गठन के लिए प्रांत कर्मचारी फेडरेशन की ओर से चंद्रशेखर तिवारी, संजय सिंह, डॉ. लक्ष्मण भारती, आलोक मिश्रा, प्रशांत दुबे, आरके रिछारिया, जय कुमार साहू, हरिमोहन सिंह, राजनारायण द्विवेदी, परशुराम, धनेंद्र का आगमन महासमुंद होने जा रहा है।इस अवसर पर सभी संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर अपना विचार रखेंगे एवं आगामी आंदोलन की रुपरेखा भी तैयार की जाएगी। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बैठक में फेडरेशन के लिए शासन स्तर पर जमीन आबंटन, जिला पदाधिकारियों के नाम पर कुछ संशोधन पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, शिव कुमार साहू, चमन चंद्राकर, नंद किशोर सिन्हा, दिलीप तिवारी, सिराज बक्श, संदीप तिवारी, मुकेश साहू, ईश्वर चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

कांशीराम के 20वें परिनिर्वाण दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम



अरंड (पिथौरा)। बहुजन समाज पार्टी जोन इकाई बिलासपुर के तत्वावधान में बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम के 20वें परिनिर्वाण दिवस पर 9 अक्टूबर 2026 को पुलिस थाना मैदान बिलाईगढ़ में एक दिवसीय भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में लोग जुटे और कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं विशिष्ट व विशेष अतिथियों में पूर्व विधायक इंदु बंजारे, जोन प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामेश्वर खरे, पूर्व विधायक दुजराम बौद्ध, पूर्व विधायक लालसाय खुटे, डॉ.रोहित डहरिया, प्रहलाद साहू, प्रदीप जांगड़े, हितेंद्र घृतलहरे, दिलहरण अनंत, मनीष बख्शी, संतोष देवांगन, दयाराम खुराना, अजय बंजारे, हेमचंद मिरी, जीआर बंजारे, शिव प्रसाद ठाकुर, भूपराम लहरे, शिव भास्कर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सांडे ने की। प्रदेश पदाधिकारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों ने कांशीराम साहब के योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभा को प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने संबोधित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

शाला प्रबंधन समिति की बैठक में शैक्षणिक स्तर बढ़ाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहा है, उनका चिन्हांकन कर उनके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने तथा नियमित अभ्यास एवं अतिरिक्त मार्गदर्शन के माध्यम से शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अनियमित रूप से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को नियमित रूप से अभ्यास पुस्तिका तैयार करने, कक्षा में पढ़ाए गए विषयों का प्रतिदिन अभ्यास करने तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा हुई। पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पालक अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए घर पर नियमित समय-सारणी बनाएं, उन्हें प्रतिदिन निर्धारित समय पर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करें तथा सुबह जल्दी उठने और नियमित दिनचर्या अपनाने की आदत विकसित करें। बच्चों को मोबाइल फोन के अनावश्यक उपयोग से दूर रखते हुए पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा विद्यालय के समग्र विकास में सहयोग करने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए विद्यालय के शिक्षकों, पालकों और समुदाय के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय आवश्यक है। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एक सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, घर पर अध्ययन की आदत, पालकों की सहभागिता और शिक्षकों के सतत प्रयासों से बेहतर शैक्षणिक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बैठक में सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देने और सहयोग का भरोसा दिलाने पर सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष सरेश कन्नौजे, शाला सुरक्षा एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, संतोष कुमार साहू, लोमश साहू, नामदेव साहू, तेज कुमार साहू, तोष कुमार साहू, भीखम साहू, छबिराम साहू, पंच शंकर कन्नौजे, सरस्वती ध्रुव, अनिता साहू, डागेश्वरी साहू, नंदनी साहू, संगीता ध्रुव, लक्ष्मी यादव, भुनेश्वरी साहू, सुनीता साहू सहित प्रीति चंद्राकर, व्याख्याता एवं राधेश्याम सोनी, लिपिक उपस्थित रहे। बैठक का समापन विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

